SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 13 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 285

# पश्चिम बंगाल चुनाव : भांगड़ में फिर खूनी संघर्ष, तीन की मौत

- पुलिस को लेना पड़ा गोली व आंसू गैस का सहारा
- एएसपी सहित कई पुलिस कर्मी भी घायल
- धारा 144 लागू, एसपी व एडीजी भी पहुंचे
- चुनाव आयोग ने घटना की मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता (आरएनएस)।** जैसा कि आशंका व्यक्त किया जा रहा था कि चुनावी परिणाम को लेकर राज्य भर में संघर्ष की घटनाएं घट सकती है। ऐसे में मीडिया में लगातार बने रहने वाला दक्षिण 24 परगना जिले का भांगड़ अंचल में फिर खूनी संघर्ष की घटना घटी। उक्त घटना में आईएसएफ के दो कर्मी व एक स्थानीय युवक सहित तीन लोगों की मौत गोली लगने से हो गई वहीं। मृतकों के नाम अली हसन, राजू मोल्ला व रिजाउल गाजी बताए गए हैं। मामले पर चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने जिला प्रशासन से घटना की रिपोर्ट तलब की है। उक्त मृतकों में राजू मोल्ला आम युवक है लेकिन मृत अली व राजू आईएसएफ कर्मी थे। खूनी संघर्ष की घटना में एक एएसपी सहित दो पुलिस कर्मी भी घायल हुए है। पुलिस व स्थानीय सूत्रों ने बताया कि जैसे-जैसे मतगणना के दिन चुनावी परिणाम सामने आते रहें भांगड़ के कठालिया ग्राम में किस्तों में बमबाजी और संघर्ष की घटनाएं आज भोर तडक़े तक चलती रही। इधर भांगड़ में तीन लोगों की मौत को लेकर एक भाजपा नेत्री द्वारा हाईकोर्ट में जन स्वार्थ का मामला आज दायर किया गया है। उक्त घटना को लेकर पूरे भांगड़ में धारा 144 लगाया गया है और पंजाब पुलिस सहित भारी पुलिस बल व केन्द्रीय बल के जवान तैनात किए गये हैं। आज सुबह जिला पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में भारी पुलिस की टीम ने आकर इलाके में स्थिति काबू में करना शुरु किया। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सिद्धनाथ गुप्ता खुद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ सुबह ही घटनास्थल पर गये। खबर लिखे जाने तक व्यापक स्तर पर धड़ पकड़ व गिरफ्तारी की जा रही थी। दर्जनों की गिरफ्तारी की खबर है तो काफी संख्या में देसी बम भी बरामद किए गए हैं। खबरों व स्थानीय लोगों की माने तो घटना की सूत्रपात मंगलवार की शाम से शुरु हुई। भांगड़ के-2 ब्लॉक के कठालिया मतगणना केंद्र पर जिला परिषद के लिए वोटों की गिनती चल रही थी। आईएसएफ नेता रेशमा खातून ने आरोप लगाया कि उनकी जिला परिषद उम्मीदवार जहांआरा खातून 5,000 वोटों से आगे थीं। लेकिन दोपहर 12:30 बजे तक बीडीओ ने बताया कि जहांआरा 360 वोट से हार गयी है। आईएसएफ नेतृत्व का दावा है कि तृणमूल ने प्रशासन के साथ 'सेटिंग' कर तृणमूल की हार को जीत में बदला। उक्त मामले पर बात करने पर हालांकि, तृणमूल ने इस आरोप का खंडन किया है। इधर उक्त घटना के



कुछ ही देर बाद ही इलाके में तनाव शुरू हो गया। पुलिस के मुताबिक एक खास राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं-समर्थकों ने उन पर ही हमला करना शुरू कर दिया। पूरे इलाके में गोलीबारी की गई और जमकर बम फेंके गए। जब पुलिस आई तो कथित तौर पर आईएसएफ के सैंकड़ों लोगों ने हमला कर दिया और आगजनी, पथराव करते हुए बम बरसाते रहें। पुलिस की माने तो हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं। आंसू गैस के गोले छोड़े गए लेकिन तब भी स्थिति नहीं बदली तो पुलिस ने फायरिंग की। इधर तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला ने दावा किया की तीन लोगों की मौत पुलिस फायरिंग में हुई है और घटना में तृणमूल का कोई हाथ नहीं है। जबकि मृतकों के परिजनों का आरोप है कि पूर्व विधायक व दबंग तृणमूल नेता अराबूल के लोगों ने रैफ के जवानों की पोशाक पहनकर गोलियां चलाई हैं।

### फैक्ट फाइंडिंग टीम के मुखिया ने उठाए गंभीर सवाल

चुनावी परिणाम को लेकर राज्य भर में संघर्ष की घटनाएं घट रही है। दक्षिण 24 परगना जिले का भांगड़ अंचल में फिर बीते 24 घंटे में खूनी संघर्ष में तीन लोगों की मौत गोली लगने से हो गई तो दूसरी ओर आज भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में भाजपा की चार सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम कोलकाता पहुंची। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इतनी मौत हुई है। इतनी हत्याएं हुई है। इतनी गोलीबारी हुई है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। वे लोग उत्तर बंगाल भी जाएंगे। पीड़ित से मिलेंगे और सभी से मिलेंगे। यह घटनाएं क्यों हुई है? इसकी पड़ताल करेंगे और राष्ट्रीय आध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। मीडिया कर्मियों से बातचीत में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने बंगाल में हो रही हिंसा को लेकर ममता बनर्जी के साथ-साथ राहुल गांधी और सीताराम येचुरी पर भी निशाना साधा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### महाराष्ट्र में अखबार ले जा रही वैन दुर्घटनाग्रस्त, 4 लोगों की मौत

**नागपुर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के यवतमाल-करंजी रोड पर कोथोडा गांव के समीप मंगलवार को अखबार ले जा रही एक वैन और एक अज्ञात वाहन के टक्कर में वैन में सवार चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना मंगलवार की सुबह हुई जब वैन अखबार का बंडल लेकर पंढारकावड़ा जा रहा था। दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने के बाद स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इस दुर्घटना में मृत वाहन चालक की पहचान किशोर बोरकर के रूप में की गई है। पुलिस अन्य तीन मृतकों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। वैन की हालत देखते हुए पुलिस को आशंका है कि उस वैन किसी ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हुई थी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

### महाराष्ट्र में खाई में गिरी बस, 18 लोग घायल

**नासिक (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के नासिक में बुधवार सुबह यात्रियों से भरी राज्य सडक़ परिवहन निगम की एक बस सप्तश्रृंगी पहाडिय़ों के पास खाई में गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कम से कम 18 घायल हो गए हैं। बस में 20 से ज्यादा लोग सवार थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक और तीर्थयात्री थे। हादसा उस समय हुआ जब बस पहाड़ी रास्ते पर गणपति प्वाइंट के पास से गुजर रही थी। महाराष्ट्र राज्य सडक़ परिवहन निगम के एक प्रवक्ता ने बताया कि घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। नासिक के गार्जियन मंत्री दादाजी भूसे ने स्थानीय प्रशासन को पीडि़तों को पूरी मदद देने की हिदायत दी है। दुर्घटना के कारण के बारे में अभी जानकारी नहीं है। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। बचाव कार्य जारी है। बस को खाई से निकालने का प्रयास किया जा रहा है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### राजस्व निरीक्षक सात हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भिंड (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले की रौन तहसील में पदस्थ एक राजस्व निरीक्षक को आज ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस ने सात हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले की रौन तहसील के पड़ौरा गांव में रहने वाले राजू सिंह राजावत अपनी खेती का नामांतरण कराया था। खेती के नामांतरण के कागजी दस्तावेज राजस्व निरीक्षक अशोक तैनवर बिना रिश्वत लिए नहीं दे रहा था। राजस्व निरीक्षक तैनवर इसके एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। बाद में सौदा सात हजार रुपए में तय हुआ। राजस्व निरीक्षक ने सुबह अपने तहसील परिसर स्थित आवास पर किसान को बुलाया। यहीं पर किसान से आरोपी राजस्व निरीक्षक ने सात हजार रुपए की रिश्वत ली, तभी लोकायुक्त टीम ने दबिश देकर आरोपी को रंगे हाथों पकड लिया। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्ट्राचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कोटकपुरा में बड़ा हादसा, मकान की छत गिरने से दंपती और चार वर्षीय बेटे की मौत

**फरीदकोट (आरएनएस)।** कोटकपूरा में बुधवार तडक़े देवीवाला रोड स्थित वार्ड नंबर 8 में एक घर की छत गिरने से दंपती और उनके 4 वर्षीय बेटे की मौत हो गई। इसके अलावा घर में सो रही पड़ोसियों की 15 वर्षीय लडक़ी के घायल होने की भी खबर है। इस हादसे में जान गंवाने वाली महिला सात माह की गर्भवती बताई जा रही है। घायल लडक़ी को उपचार के लिए फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कालेज व अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब पूरा परिवार घर में सो रहा था। सुबह साढे तीन बजे अचानक कमरे की छत गिर गई, जिसके चलते उसके भीतर सो रहे गगनदीप सिंह, उसकी पत्नि कमलजीत कौर व उनके तीन वर्षीय बेटे गुरकमल गैवी की मृत्यू हो गई। कमलजीत कौर गर्भवती थी इसलिए उसके देखरेख के लिए आई हुई मृतक गगनदीप सिंह के



मामा की पन्द्रह वर्षीय लडक़ी भी वहीं सो रही थी, वह गंभीर रूप से घायल हो गई। छत गिरने के चलते मृतक गगनदीप सिंह के माता-पिता जो बाहर बरामदे में सो रहे थे, उन्होंने शोर मचाया। जिसे सुनकर आस-पड़ौस के लोग एकत्रित हो गए और उन्होंने सभी बड़ी मशक्कत के पश्चात मलबे के नीचे से निकाला। डाक्टरों ने गगनदीप सिंह, उसकी पत्नि कमलजीत कौर व बेटे गैवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि पन्द्रह वर्षीय लडक़ी उपचारधीन है। उधर सूचना मिलने के पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

### नाइजीरिया में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत, 14 घायल

**अबुजा ।** पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजीरिया के एनुगु प्रांत में कई वाहनों के बीच हुई टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। एनुगु प्रांत के डिप्टी गवर्नर इफेनयी ओसाई ने राजधानी एनुगु शहर के पास घटना स्थल का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि गैस टैंकर और ट्रक सहित कम से कम चार वाहनों की टक्कर हुई हैं। ओसाई ने कहा कि दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मृतकों के शव प्रांत के एक सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में रखे गये हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायल हुए 14 लोगों का उसी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

**अब दुश्मनों की खैर नहीं**

## इंडियन नेवी को मिलेंगे 26 राफेल-एम फाइटर जेट, भारत और फ्रांस में होगी 90 हजार करोड़ की डील

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना की ताकत बढऩे जा रही है। भारत और फ्रांस के बीच जल्द एक और बड़े रक्षा सौदे पर मुहर लग सकती है। इसके तहत भारतीय नौसेना को 26 राफेल-मरीन फाइटर जेट मिलेंगे। यह डील यह 90 हजार करोड़ की है। यह एक मल्टीरोल फाइटर जेट है। सूत्रों के अनुसार 22 फाइटर जेट्स को आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य पर तैनात किया जाएगा, जबकि 4 दो सीटर ट्रेनिंग जेट्स आएंगे।

इस डील की घोषणा इस महीने के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की



फ्रांस यात्रा के दौरान होने की उम्मीद है। बता दें कि फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन से यह दूसरी ऐसी फाइटर जेट खरीद होगी। इससे पहले 2016 में भारत ने वायुसेना के लिए 36 राफेल लड़ाकू जेट खरीदने के लिए एक सौदा किया था, जिनमें से सभी की डिलीवरी हो चुकी है।

नौसेना के लड़ाकू विमान अपने वायुसेना समकक्षों से भिन्न होते हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि लड़ाकू विमान जिस वातावरण में काम करते हैं और उन्हें जो भूमिका सौंपी गई है, दोनों में अंतर होता है।

बता दें कि पाकिस्तान के पास जो फाइटर जेट्स हैं, उनमें से ज्यादातर चीन के ही हैं। चीन ने अपनी पांचवीं पीढ़ी के जे-20 फाइटर जेट्स को फिलहाल नौसेना में तैनात नहीं किया है और न ही पाकिस्तान को दिया है। कुछ कमियों को छोडक़र राफेल-एम चीन और पाकिस्तान के फाइटर जेट्स को टक्कर देने में पूरी तरह सक्षम है।

## दिल्ली और हरियाणा में बाढ़ का खतरा, हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर फंसे 17 हजार सैलानी, अब तक 91 की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत सहित देश के कई राज्यों में बारिश अपना कहर बरपा रही है। उत्तर भारत के कई राज्यों बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। दिल्ली में भी यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। ऐसे में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। बाढ़ के साथ-साथ दिल्ली में डेंगू फैलने का भी खतरा मंडरा रहा है।



रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी में आज (बुधवार) सुबह पांच बजे तक यमुना का पानी 207.08 मीटर पर पहुंचा गया, जो 10 साल का हाईलेवल है। इससे पहले साल 2013 में यमुना का जल स्तर 207.32 मीटर पर पहुंचा था। संभावित बाढ़ के खतरे के मद्देनजर यमुना के किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया हैं। जानकारी के मुताबिक लाल किला के पास पुराने लोहे के पुल से रेल और वाहन संचालन रोक दिया गया है।

वहीं, उत्तराखंड में पत्थर गिरने और भूस्खलन से मध्य प्रदेश के तीन गंगोत्री तीर्थयात्रियों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, हिमाचल के कुल्लू के पर्यटन स्थलों-मनाली, मणिकर्ण व बंजार में 17 हजार सैलानी फंसे हैं। चारधाम यात्रा भी बाधित हुई है। वहीं, अब तक 91 लोगों की मौत हो चुकी है।

हथिनीकुंड बैराज से 3.59 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से दिल्ली में यमुना का पानी और बढ़ गया है। यमुना व घग्गर में बाढ़ से हरियाणा के पानीपत में नवादा व तामशाबाद में बांध टूट गए हैं। कुरुक्षेत्र, हिसार, करनाल, भिवानी और यमुनानगर के सैकड़ों गांवों में पानी घुस गया है।

### असम में 48,747 लोग अब भी बाढ़ से प्रभावित

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम में कम से कम 48,747 लोग अब भी विनाशकारी बाढ़ से जूझ रहे हैं। इनमें बिश्वनाथ, धेमाजी और लखीमपुर जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, 48,747 में से लखीमपुर जिले में 29,757 लोग, बिस्वनाथ में 15,461 लोग और धेमाजी में 2,715 लोग बाढ़ प्रभावित हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि हालिया बाढ़ में सात लोगों की मौत हो गई है। पिछले 24 घंटे में कोई नई मौत नहीं हुई है। लखीमपुर जिले में, कम से कम 67 गांव और 5,45.50 हेक्टेयर फसल भूमि जलमग्न है। एएसडीएमए के आंकड़ों के मुताबिक, तेजपुर के निमातीघाट में ब्रह्मपुत्र नदी और नंगलामुराघाट में दिसांग नदी खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ ने 50,000 से अधिक मवेशियों को भी प्रभावित किया है।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्री ने खोया आपा, क्रू मेंबर से की मारपीट; दरवाजा भी तोड़ा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कनाडा से नई दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में एक यात्री ने जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। नेपाली यात्री न सिर्फ केबिन क्रू के साथ मारपीट की, ब्लकि फ्लाइट के अंदर का दरवाजा भी तोड़ दिया। हालात इतने बेकाबू हो गए थे कि केबिन क्रू को अन्य यात्रियों की मदद से व्यक्ति को पकडऩा पड़ा। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

जानकारी के मुताबिक, कनाडा के टोरंटो से नई दिल्ली रही फ्लाइट में नेपाली नागरिक महेश सिंह पंडित ने हंगामा करना शुरू किया। पहले यात्री ने अपनी सीट बदली, उसके बाद क्रू मेंबर्स के साथ गाली गलौज की। दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि पायलट ने यात्री को बार-बार चेतावनी दी, इसके बाद भी वह नहीं माना। क्रू मेंबर का कहना है कि पहले महेश ने अपनी सीट बदली, जिसके बाद बदतमीजी की।

इसके अलावा वह बाथरूम में जाकर स्मोकिंग कर रहा था, उन्होंने लाइटर के साथ पकड़ा भी। जब उन्होंने पकड़ा तब उसने क्रू को धक्का दिया और अपनी सीट की ओर भाग गया। इस दौरान काफी गालियां भी दीं। क्रू ने बाद में इस घटना की जानकारी पायलट को दी, जिसके बाद उसे यात्री को पकड़ लिया गया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में सेक्शन 323, 506, 335 के तहत केस दर्ज किया है, इनके अलावा एयरक्राफ्ट नियमों के तहत भी केस दर्ज किया गया है।

## शिक्षिका बनने के बाद बेवफाई पत्नी ने पढ़ाई पूरी कराने वाले मजदूर पति का साथ छोड़ दिया, पति ने की उचित कार्यवाई करते हुए न्याय दिलाने की मांग

**कोरबा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ कोरबा कोरबा जिले में भी एसडीएम ज्योति मौर्या जैसे बेवफाई की कहानी सामने आ रही है। कोरबा जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे एक मजदूर पति ने अपनी बेवफा पत्नी पर उचित कार्यवाही की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में फरियाद लेकर पहुंचा।

उसने बताया कि मैं शांति कुमार कश्यप, पिता रघुनाथ प्रसाद कश्यप, उम्र लगभग 38 वर्ष, निवासी-हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी बालको नगर तह व जिला कोरबा छ.ग. का है, तथा जो कि मेरा विवाह दिनांक 06/05/2011 को शिक्षिका पत्नी उम्र 34 वर्ष के साथ हिंदू रीति रिवाज



के साथ सम्पन्न हुआ था जो कि इस दौरान हमारी दोनों के दाम्पत्य जीवन में 2 पुत्री का जन्म हुआ।

यह कि मैं अपनी पत्नी को आगे की पढाई करवाया और शिक्षा कर्मी तृतीय वर्ग में नौकरी भी दौड़ धूप कर मैं अपने परिश्रम से नौकरी भी लगवा दिया, लेकिन उसका 02 वर्षो से किसी गैर पुरुष के साथ संबंध है मैं अपने ससुराल वालों को बताया कि आपकी बेटी गलत रास्ते में जा रही है और बल्कि उसके मायके वाले अपनी बेटी को समझाने के बजाये उसे मेरे प्रति और भडक़ा दिया और गलत निर्देश दिया गया एवं बढ़ावा तथा सहयोग दिया गया। मेरी पत्नी शिक्षिका को अहकार व लालच में आकर अपने माता-पिता, भाई बहन के अनुसार उसके निर्देश पर चलने लगी। मेरी पत्नी मेरा अंकसूची, आधार कार्ड, जमीन की रजिस्ट्री पेपर व अन्य दस्तावेज व सोना-चांदी व अन्य सामान को भी लेकर चली गयी है। वर्तमान में मेरी पत्नी शिक्षिका जो कि एक शा. प्रा. स्कूल में सहायक शिक्षिका के पद पर पदस्थ है तथा उसका विकासखण्ड कोरबा है, अब वह जीवित पति के रहते हुए व बिना तलाक हुए गैर पुरुष के साथ शारीकिर संबंध बनाकर 03 तृतीय, बच्चा प्राप्त कर लिया गया है एवं परिवार परामर्श केन्द्र में झूठा बयान दिया गया। बालको थाना में झूठा एफ. आई.आर. किया गया। जिला सत्र न्यायालय कोरबा में झूठा बयान दिया एवं अपने पति को झूठा आरोप लगाया गया एवं पूरे परिवार एवं समाज में बदनाम किया गया। पति ने शिक्षिका पत्नी के विरुद्ध उचित कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने की मांग की है।

## 11 दिन में 1.37 लाख लोगों ने पूरी की अमरनाथ यात्रा

**श्रीनगर (आरएनएस)।** इस साल 1 जुलाई को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के पहले 11 दिन में अब तक 1.37 लाख तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।

अधिकारियों ने कहा, मंगलवार को 18,000 से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए, जबकि 6,554 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था बुधवार सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ।

जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद रहने के कारण जम्मू से घाटी तक तीर्थयात्रा अवरुद्ध रही। फंसे हुए वाहनों और अमरनाथ यात्रियों को निकालने के लिए आज इस मार्ग पर यातायात फिर से शुरू किया गया।



यात्री या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से हिमालय गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। पहलगाम आधार शिविर से 43 किलोमीटर की चढ़ाई होती है जबकि उत्तरी कश्मीर बालटाल आधार शिविर से 13 किलोमीटर की चढ़ाई होती है।

पारंपरिक पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में तीन-चार दिन लगते है। वहीं, बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर के अंदर दर्शन करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं।

दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

गुफा मंदिर में एक बर्फ की संरचना है जिसके बारे में भक्तों का मानना है कि यह भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है। बर्फ के स्टैलेग्माइट की संरचना चंद्रमा की कलाओं के साथ घटती और बढ़ती रहती है।

इस वर्ष की 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई जो 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा उत्सव के साथ समाप्त होगी।

तीर्थयात्रियों को ऊंचाई पर होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए अधिकारियों ने यात्रा के दोनों मार्गों पर स्थापित किए गए 'लंगर' में सभी जंक फूड पर प्रतिबंध लगा दिया है।